# University in News on 17 August 2022

University of Lucknow | Centenary Year
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष
100 Years 1920-2020

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# शिक्षण व वैज्ञानिक संस्थानों में धूमधाम से मनी आजादी की 75वीं वर्षगांठ

**लखनऊ (एसएनबी)।** राजधानी में स्थित विभिन्न शिक्षण व वैज्ञानिक संस्थानों में हर्षोल्लास के साथ आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्थानों में ध्वजा रोहण किया गया तथा विविध रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए।


लखनऊ विश्वविद्यालय के ऐतिहासिक कला संकाय प्रांगण में भारत के आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने 76वें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के बीच झंडारोहण किया। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ड्रोन से करीब 60 फीट ऊंचाई पर तिरंगा फहराया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही सुरक्षाकर्मियों ने सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस पर परिसर में कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने ध्वजारोहण किया। कुलसचिव सचिन अमृत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। समस्त विवि परिवार ने अम्बेडकर अध्ययन विद्यापीठ के मैदान में एकत्रित हो आजादी के इस अमृत महोत्सव को पूरे हर्ष व उल्लास के साथ मनाया। विपिन खंड गोमती नगर में स्थित केनरा बैंक अंचल कार्यालय मे आजादी का अमृत महोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। झण्डा रोहण बैंक के महा प्रबन्धक आलोक कुमार अग्रवाल ने किया तथा अपने संदेश मे देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को वहन करने के महत्व को समझाया तथा सभी को अपने व्यक्तित्व में विकास लाने पर बल दिया। दि इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स, यूपी स्टेट सेन्टर द्वारा हर्षोउल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# विश्वविद्यालयों में झंडारोहण, तिरंगे को दी सलामी

**लखनऊ।** लविवि में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने झंडारोहण किया। इस दौरान उन्होंने गत दिनों चली भारत के गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों की गाथाओं को जन-जन तक लाने की मुहिम की प्रशंसा की। एकेटीयू में कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार मिश्र ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में प्रति कुलपति प्रो. मनीष गौड़, रजिस्ट्रार सचिन सिंह, कैस के निदेशक प्रो. एमके दत्ता आदि मौजूद थे। बीबीएयू में कुलपति प्रो. संजय सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मार्च पास्ट संग झांकी भी निकाली गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति हुई। रजिस्ट्रार डॉ. अश्विनी कुमार सिंह आदि मौजूद थे। आईईटी में निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने ध्वजारोहण किया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित कर पौधरोपण किया। ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने झंडारोहण किया। एनसीसी कैडेट स्वाति मौर्य को गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने व एनसीसी इकाई के पहले बैच में वरिष्ठ अधिकारी के रूप में भागीदारी के लिए सम्मानित किया। डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में कुलपति प्रो. राणा कृष्णपाल सिंह ने प्रशासनिक भवन में ध्वजारोहण किया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में विजेता विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किया। लोहिया विधि विवि में कुलपति प्रो. सुबीर कुमार भटनागर ने ध्वजारोहण के बाद पौधरोपण भी किया। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) के लखनऊ चैप्टर में राजेश्वरी श्रीवास्तव ने झंडारोहण किया। (माई सिटी रिपोर्टर)



**लविवि में कार्यक्रम।**

## i-NEXT PAGE 2

# अब ऑनलाइन हॉस्टल अलॉटमेंट की तैयारी

lucknow@inext.co.in

**LUCKNOW (16 Aug):** लखनऊ यूनिवर्सिटी में इस बार हॉस्टल अलॉटमेंट की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहा है. अभी तक स्टूडेंट्स को अगर हॉस्टल चाहिए होता था तो वे एडमिशन के बाद जब यूनिवर्सिटी में रिपोर्ट करते हैं, तब हॉस्टल के लिए आवंटन करते हैं. पर इस बार यूनिवर्सिटी प्रशासन ऑनलाइन काउंसलिंग के समय ही स्टूडेंट्स से हॉस्टल के लिए आवेदन लेने की तैयारी कर रहा है. इसके लिए एलयू की वेबसाइट और यूनिवर्सिटी हॉस्टल की वेबसाइट को एक साथ लिंक करने की तैयारी की जा रही है. जिसे स्टूडेंट्स से काउंसलिंग के समय ही उनकी च्वाइस लेकर एडमिशन प्रक्रिया के साथ हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए.

### डायरेक्ट हॉस्टल में रुकेंगे

यूनिवर्सिटी के सूत्रों का कहना है कि बीते साल तक काउंसलिंग कराने के बाद स्टूडेंट्स जब यूनिवर्सिटी में रिपोर्ट करता था. तब वह चीफ प्रोवोस्ट या फिर अपने सम्बन्धित डीन ऑफिस में जाकर हॉस्टल आवंटन करने के लिए फॉर्म लेकर आवेदन करता था. उसके बाद मेरिट के आधार पर हॉस्टल आवंटन कर दिया जाता था. पर इस बार एलयू इस प्रक्रिया को भी ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहा है. ऑनलाइन आवंटन होने के बाद स्टूडेंट्स एडमिशन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया को भी पूरा कर लेगा. ऐसे में जब वह एडमिशन पूरा करने के बाद एलयू में रिपोर्ट करेगा तो वह डायरेक्ट अपने हॉस्टल में रुक सकता है. अभी तक हॉस्टल आवंदन की प्रक्रिया पूरा होने तक स्टूडेंट्स को अपने खर्चे पर बाहर रुकना पड़ता है.



### हर साल होती है मारामारी

एलयू में हर साल करीब पांच हजार से अधिक स्टूडेंट्स हॉस्टल आवंटन के लिए आवेदन करते है. जिसमें से करीब 3500 के आसपास स्टूडेंट्स को हॉस्टल आवंटन होता है. इस प्रक्रिया को पूरा होने में करीब एक महीने का समय लग जाता है. ऐसे में इस दौरान यूनिवर्सिटी में हॉस्टल आवंटन के लिए स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

## HINDUSTAN PAGE 6

# एलयू समेत डिग्री कॉलेजों में भी फहराया गया तिरंगा

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलयू के ऐतिहासिक कला संकाय प्रांगण में भारत की आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने राष्ट्रगान और भारत माता की जय के नारों के बीच झंडारोहण किया।

इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि हजारों पुण्य कर्मों के बाद ही भारत भूमि पर मनुष्य जन्म प्राप्त होता है और इस वजह से मनुष्य जन्म के अनुरूप सुकर्म करना हमारा दायित्व बन जाता है।

**डिग्री कॉलेजों में दिखा उत्साह**

लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी डिग्री कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। केकेसी कॉलेज में प्राचार्य प्रो. मीता साह, उप प्राचार्य विनोद चन्द्र ने ध्वजारोहण किया। कालीचरण डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. चन्द्रमोहन उपाध्याय, प्रबंधक वीके मिश्र ने झण्डा फहराया।

वहीं नेशनल कॉलेज में प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह, अवध गर्ल्स कॉलेज में प्रो. बीना राय, मुमताज डिग्री कॉलेज में प्रो. अब्दुल रहीम ने ध्वजारोहण किया।

### बच्चे पुरस्कृत किए गए

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने पायनियर मॉन्टेसरी स्कूल एल्डिको बांग्ला बाजार में चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने पेंटिंग प्रतियोगिता को नई शिक्षा नीति का हिस्सा बताया।